# श्याम तेरा क्या कहना | By Aarti Virmani

प्यार लुटाता लाड़ लड़ाता,मेरा बाबा श्याम
हो गए उसके वारे न्यारे, जिसने लिया तेरा नाम
श्याम तेरा क्या कहना,बाबा तेरा क्या कहना

नैय्या कर दी जिसने,तेरे हवाले
माँझी बन नैय्या का,तू ही फिर सम्भाले
आता तू ही हर मुश्किल में,अपने भक्त के काम
हो गए उसके वारे न्यारे.....

देने में तू कभी ना,बाबा पीछे हटता
तेरे दर जो आ जाए फिर,कभी ना भटकता
बड़ा ही पावन प्यारा लगता, तेरा खाटू धाम
हो गए उसके वारे न्यारे.....

"रूबी रिधम" पे जब से, कृपा बरसाई
जीवन से हो गई मेरे,दुखो की विदाई
कट गए सारे दुख संकट सब,मिला बड़ा आराम
हो गए उसके वारे न्यारे.......

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%95%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be-%e0%a4%95%e0%a4%b9%e0%a4%a8%e0%a4%be-by-aarti-virmani/